# फीफा विश्व कप : कोलंबिया ने घाना को हराया, प्री-क्वार्टर फाइनल में स्विट्ज़रलैंड से होगा सामना

कैनसस सिटी (एजेंसी)।

जोन एरियास के शुरुआती गोल की बदौलत कोलंबिया ने फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में शनिवार को घाना को 1-0 से हराकर अंतिम-16 (प्री-क्वार्टर फाइनल) में जगह बना ली। इस जीत के साथ कोलंबिया अब 8 जुलाई को वैंकूवर में स्विट्जरलैंड का सामना करेगा।मुकाबले का एकमात्र गोल 14वें मिनट में जोन एरियास ने किया। उन्होंने लुइस सुआरेज़ के सटीक क्रॉस पर नजदीक से शानदार फिनिश करते हुए टीम को बढ़त दिलाई। सुआरेज़ मैदान पर घायल जोन कॉर्डोबा की जगह बतौर स्थानापन्न उतरने के कुछ ही क्षण बाद इस गोल की भूमिका निभाने में सफल रहे।दूसरे हाफ में कोलंबिया ने अपनी बढ़त दोगुनी करने का भी मौका बनाया। 56वें मिनट में लुइस डियाज़ ने गेंद को जाल में पहुंचाया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) की समीक्षा के बाद उन्हें ऑफसाइड करार दिया गया और गोल रद्द कर दिया गया।पूरे मुकाबले में कोलंबिया का दबदबा देखने को मिला। हालांकि घाना के गोलकीपर लॉरेंस अती ज़िगी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कम से कम तीन बेहतरीन बचाव किए और टीम को बड़े अंतर से हारने से बचाया।

कोलंबिया ने अंत तक अपनी बढ़त बरकरार रखी और जीत के साथ विश्व कप के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया, जहां उसका मुकाबला स्विट्जरलैंड से होगा।

# फीफा विश्व कप : प्री-क्वार्टर फाइनल का मंच तैयार, पूरा कार्यक्रम

नई दिल्ली (एजेंसी)।

फीफा विश्व कप के राउंड ऑफ 16 (प्री-क्वार्टर फाइनल) मुकाबलों की शुरुआत शनिवार से होगी। अब टूर्नामेंट में 16 टीमें खिताब की दौड़ में बची हैं और अगले चार दिनों में खेले जाने वाले आठ मुकाबले क्वार्टर फाइनल की तस्वीर साफ करेंगे।इस बार मेजबान देशों कनाडा, अमेरिका और मेक्सिको ने भी अंतिम-16 में जगह बनाई है। 5 जुलाई को फिलाडेल्फिया स्टेडियम में पराग्वे और फ्रांस आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे शुरू होगा। 6 जुलाई को न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में ब्राजील और नॉर्वे के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे खेला जाएगा। इसी दिन मेक्सिको सिटी स्टेडियम में मेजबान मेक्सिको का सामना इंग्लैंड से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे शुरू होगा।7 जुलाई को डलास स्टेडियम में पुर्तगाल और स्पेन की बहुप्रतीक्षित भिड़ंत भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे होगी। इसके बाद सिएटल स्टेडियम में अमेरिका और बेल्जियम के बीच मुकाबला सुबह 5:30 बजे खेला जाएगा। उसी दिन भारतीय समयानुसार रात 9:30 बजे अटलांटा स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना का सामना मिस्र से होगा। राउंड ऑफ 16 का अंतिम मुकाबला 8 जुलाई को वैंकूवर में स्विट्जरलैंड और कोलंबिया के बीच खेला जाएगा।

# फीफा विश्व कप : पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को हराकर मिस्र पहली बार अंतिम-16 में

आर्लिंगटन (टेक्सास) (एजेंसी)।

फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 में शुक्रवार को मिस्र ने इतिहास रचते हुए ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर पहली बार नॉकआउट मुकाबला जीता और अंतिम-16 में जगह बना ली। निर्धारित समय और अतिरिक्त समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ।

मिस्र की जीत के नायक होसाम अब्देलमगीद रहे, जिन्होंने निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम को यादगार जीत दिलाई। अब अंतिम-16 में मिस्र का सामना मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा।

## सलाह की कप्तानी में ऐतिहासिक जीत

मिस्र के कप्तान मोहम्मद सलाह ने मैच के बाद कहा कि यह उनके जीवन के सबसे यादगार दिनों में से एक है। उन्होंने कहा कि टीम की खुशी से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता और इस जीत का आनंद हर मिस्रवासी के साथ साझा करना उनके लिए गर्व की बात है।

## मैच का रोमांच

मिस्र ने 13वें मिनट में बढ़त बनाई, जब इमाम अशूर ने हेडर के जरिए गोल दागा। ऑस्ट्रेलिया ने 55वें मिनट में बराबरी कर ली, लेकिन यह गोल मिस्र के डिफेंडर मोहम्मद हानी के आत्मघाती गोल की बदौलत आया। हानी इस विश्व कप में दो आत्मघाती गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।इसके बाद दोनों टीमें अतिरिक्त समय में भी विजयी गोल नहीं कर सकीं और मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंच गया।

## शूटआउट में मिस्र का दबदबा

ऑस्ट्रेलिया की ओर से हैरी साउटर पहली ही पेनल्टी चूक गए, जबकि 18 वर्षीय लुकास हेरिंगटन की चौथी पेनल्टी क्रॉसबार से टकरा गई। मिस्र की ओर से महमूद साबेर, रामी राबिया, मोहम्मद सलाह और अंत में होसाम अब्देलमगीद ने पेनल्टी को गोल में बदला और टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई।ऑस्ट्रेलिया के लिए केवल जैक्सन इरविन और अवेयर माबिल ही सफल पेनल्टी लगा सके।

## ऑस्ट्रेलिया का नॉकआउट में खराब रिकॉर्ड जारी

यह ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप नॉकआउट चरण में लगातार तीसरी हार रही। इससे पहले वह 2006 में इटली और 2022 में अर्जेंटीना से हार चुका था।वहीं, चार विश्व कप खेलने वाले मिस्र ने पहली बार नॉकआउट मुकाबले में जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया।

# अर्जेंटीना ने केप वर्डे को 3-2 से हराया, प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

मियामी (एजेंसी)।

गत चैंपियन अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 के शुक्रवार को राउंड ऑफ 32 में केप वर्डे को कड़े मुकाबले में अतिरिक्त समय में 3-2 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया।मुकाबले में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने 29वें मिनट में टीम को बढ़त दिलाई। लिसांद्रो मार्टिनेज के लंबे पास पर मेसी ने शानदार नियंत्रण दिखाते हुए जोरदार शॉट से गेंद को गोलपोस्ट की छत में पहुंचा दिया। केप वर्डे ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी की। 59वें मिनट में डेरॉय डुआर्टे ने लिसांद्रो मार्टिनेज को छकाते हुए गोल दागा और विश्व कप नॉकआउट चरण में केप वर्डे का पहला गोल दर्ज किया। निर्धारित 90 मिनट के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहा और मुकाबला अतिरिक्त समय में पहुंचा।अतिरिक्त समय के पहले हाफ में अर्जेंटीना ने फिर बढ़त बनाई। कॉर्नर से मिले मौके पर लिसांद्रो मार्टिनेज ने रिबाउंड पर शानदार शॉट लगाकर गेंद को नेट में पहुंचा दिया।हालांकि केप वर्डे ने हार नहीं मानी। सिडनी लोपेस काब्राल ने बॉक्स के बाहर से बेहतरीन कर्लिंग शॉट लगाकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

## महिला टी 20 वर्ल्ड कपः चौथी बार फाइनल में इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया से सामना

लंदन (एजेंसी)। विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल रविवार को लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाना है। इतिहास में ऐसा चौथी बार होगा, जब खिताबी रेस में दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इससे पहले वे 2012, 2014 और 2018 के फाइनल में भिड़ चुकी हैं और तीनों बार ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की है। छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया लगातार 6 जीत के साथ टूर्नामेंट में शानदार रिकॉर्ड बनाए रखने के बाद फाइनल में मजबूत दावेदार के तौर पर उतर रही है।


## कार्यालय वनमंडलाधिकारी, पांढुर्णा वनमंडल सा.

वनमंडलाधिकारी पांढुर्णा वनमंडल सा.अंतर्गत म.प्र.भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (तथा-संशोधित 2022 )के अंतर्गत कार्यालय में लगने वाली पुताइ हेतु पेंट एवं अन्य सामग्री (निविदा में दर्शित सूची अनुसार क्रय) हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

•निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है। निविदा सामग्री की सूची निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती है।

• इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/ कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक )07.07.2026बजे12.00 से (दिनांक )28.07.2026 बजे दोपहर 1:00 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है ।

• ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी ।

• निविदा पूर्व बैठक दिनांक 20.07.2026 समय 01.00 को कार्यालय पांढुर्णा सामान्य वनमंडल जिला पांढुर्णा में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है ।

• ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही ।

•कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार क्रय आदेश में उल्लेखित स्थान पर स्वीकृत दर से सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सफल निविदाकार की होगी। लोडिंग / अनलोडिंग / परिवहन एवं अन्य व्यय निविदाकार का होगा। कार्यालय द्वारा कोई भी अतिरिक्त व्यय वहन नही किया जायेगा ।

• ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://www.mptenders.gov.in/

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

वनमंडलाधिकारी
पांढुर्णा वनमंडल सा.

जी-15241/26



## कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा( म.प्र.)

शुक्ला ग्राउंड के पास वार्ड नं.39 छिन्दवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर-07162-222346
Email:-commissionerchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईट :-chhindwaranagarnigam.com

।।प्रथम निविदा सूचना ।।

क्रमांक /1995 /लोनिवि/नपानि/2026-2027 — छिन्दवाड़ा दिनांक 03/7/2026

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www:mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ UAD_ 519181_ 1 Date 04/07/2026 | चंदनगांव जोन क्रमांक 04के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में कच्चे मार्गों में चुरी,गिट्टी,पुराव से मरम्मत कार्य | 1-760152 2-5 माह | 1.2000 2.7602 | 20/07/2026 |

नोटः-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://www:mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा,पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
छिन्दवाड़ा



## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) गोहद,जिला भिण्ड(म.प्र.)

प्र.क्र....रीडर/अ.वि.अ/4172 गोहद, दिनांक1/7/2026

1. महेन्द्रसिंह पुत्र भगवानसिंह निवासी ग्रामअमरपुर, तहसील गोहद जिला भिण्ड

बनाम

1.बलदेव सिंह,2.संतोष सिंह,3.गुरमेल सिंह,4.मेजर सिंह पुत्र गण इन्द्रपाल सिंह,5.सुखवीरा कौर,6.राजेन्द्र कौर पुत्रियां इन्द्रपाल सिंह,7.हरपाल कौर देवा पत्नी अग्रेज सिंह,8. गुरूविन्दर सिंह पुत्र अग्रेज सिंह समस्त जाति सिक्ख निवासी गण ग्राम अमरपुर तहसील गोहद,9.रामा पुत्री कृष्ण मुरारी निवासी ग्राम पिपाहड़ी तहसील गोहद ,10. मुंशीलाल पुत्रं महादेव सिंह प्रजापति निवासी नेपाल सिंह का का चक, तहसील गोहद जिला भिण्ड11. सर्वजीत कौर पत्नी कर्मसिंह, 12.अवतार सिंह पुत्र पूरन सिंह13.इन्द्रजीत सिंह पुत्र भगवान सिंह,14.जगदीश सिंह पुत्र छविराम सिंह जाटव निवासी ग्राम छमैंटा तहसील गोहद,15.तेजेन्द्र सिंह पुत्र गुरूमेल सिंह ,16.गुरूमीत कौर पत्नी सरमनसिंह निवासी ग्राम पुरानी छावनी ग्वालियर,17.हरिचरन सिंह,18.यशवंत सिंह,19. वल विन्दर सिंह पुत्रगण ज्ञानसिंह,20.ज्ञानसिंह पुत्र भगतसिंह, 21.बक्सी सिंह पुत्र भगत सिंह,22.जयवीर सिंह,23. सुरेन्द्र सिंह पुत्रगण हाकिम सिंह,24.पंचम सिंह पुत्र परमाल सिंह, 25.बृजरनी विधवा पत्नी दरोगा सिंह,26. सूबेदारसिंह,27.विशम्बर सिंह28.वीरसिंह पुत्रगण दरोगा सिंह समस्त निवासी गण,ग्राम नेपाल सिंह का चक तहसील गोहद

//सूचनापत्र //

आवेदक महेन्द्रसिंह पुत्र भगवानसिंह निवासी ग्राम अमरपुर, तहसील गोहद की भूमि खाता क्रं- 114 किता 24कुल रकवा 20.59 हे0 एवं भूमि सर्वे क्रं.-152 रकवा 0.71 हे0,173 रकवा 0.32 हे.174 रकवा 1.50 हे.गोहद जिला भिण्ड म.प्र.गोहद में ये प्र.क्रं. 0241 /अपील/ 25-26 में जो इस न्यायालय में संचालित है। अतः आप प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 24/07/26 को दिन के 11:00 बजे स्वयं या जो व्यक्ति इस मामले की जानकारी रखता हो या अपने वैद्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित हों ।यदि नियत दिनांक को आवश्यक होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।आपकी गैर हाजिरी होने पर प्रकरण में आपके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

अतः मेरे हस्ताक्षर तथा अदालत की मुहर से आज दिनांक 1/7/26 को जारी किया गया।

पदमुद्रा

अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व)
गोहद,जिला भिण्ड(म.प्र.)



## कार्यालय कलेक्टर(खनिज शाखा)जिला बालाघाट म.प्र.

office e-mail-modgmbal@mp.gov.in

क्रमांक/594/खनिज/2026 — बालाघाट,दिनांक02/07/2023

म.प्र.गौण खनिज नियम,1996 के नियम18( 1-क )के अंतर्गत
उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए
द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक हुकुमचंद पंचेश्वर निवासी वार्ड नं.05 ग्राम अतरी पोस्ट घोटी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 19.05.2026 को प्रस्तुत किया गया है।इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 440 दिनांक 25.05.2026 को प्रकाशित की गई थी।विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij. mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा हे.में. | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बालाघाट | बैहर | लहंगाकन्हार | 15/1 | 3.500 हे. | शासकीय (सरकार चट्टान) | गिट्टी/बोल्डर | ------- |
| | | | कुल रकबा | 3.500 हे. | | | |

1.उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालय समय सायं 05:30 बजे तक )ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03अथवा उससे आवेदन अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है,तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र.गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

3.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी।विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र.गौण खनिज नियम,1996 के नियम 21 तहत अधिमान्यता तय करने की आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समक्षा जाएगा।

4.यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृत पर विचार किया जा सकेगा।

5.निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार नहीं लिया जाएगा।

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

उपसंचालक
(खनि प्रशासन)
जिला बालाघाट(म.प्र.)

जी-15267/26



## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 21/07/2026

क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा - विवेकानंद कालोनी, साईं मंदिर के पास, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा 480001 (म.प्र)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित" के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई- नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | ऋण खाता/ ऋणी/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार एवं संबंधित शाखा | मांग सूचना दिनांक आधिपत्य दिनांक बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण/ कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धरोहर जमा राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स पदमावाति इंडस्ट्री<br>प्रोप. श्री लक्ष्य सूर्यवंशी पिता ओमप्रकाश सूर्यवंशी<br>कंपनी पता :- प्लॉट न. J-20 एवं J-21, सैक्टर – J, जमालपानी IGC बोरगांब, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106<br>आवासीय पता :- वॉर्ड न. 14, ग्राम रामाकोना ,पोस्ट रामाकोना, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106<br>संबन्धित शाखा: सौसर<br>अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – शा. प्र. 8226003724 | 30/05/2025<br>12/08/2025<br>रु. 1,81,20,800.91 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | साम्य बंधन भूमि एवं भवन: संपत्ति क्र:- 1. प्लॉट न. J-20 क्षेत्रफल 800.00 वर्गमीटर, सैक्टर – J, जमालपानी IGC बोरगांब, प .ह .नं. 45, ब.नं. 154, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106<br>चतु:सीमा (प्लॉट न. J-20, सैक्टर – J) - उत्तर – प्लॉट न. J-21, दक्षिण- प्लॉट न. J-19, पूर्व - रोड, पश्चिम – प्लॉट न. J-28<br>संपत्ति क्रमांक :- 2: प्लॉट न. J-21 क्षेत्रफल 800.00 वर्गमीटर , सैक्टर – J, जमालपानी IGC बोरगांब, प .ह .नं. 45, ब.नं. 154, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106<br>चतु:सीमा (प्लॉट न. J-21, सैक्टर – J) - उत्तर – प्लॉट न. J-22, दक्षिण- प्लॉट न. J-20, पूर्व- रोड, पश्चिम – प्लॉट न. J-28<br>संपत्ति क्रमांक :- 3: Hypothecation of Plant & Machineries i.e. 1. Jaw Crusher, 2. 5 Roller Mill, 3. MS Loading Structure, 4. Motors, 5. Electrification, Control Panel, Cables etc.<br>पट्टेदार / बंधककर्ता: मेसर्स पदमावाति इंडस्ट्री प्रोप. श्री लक्ष्य सूर्यवंशी पिता ओमप्रकाश सूर्यवंशी, सांकेतिक कब्जा<br>नोट – उक्त सम्पतियो से सम्बंधित म.प्र. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (MPIDC) के समस्त बकाया देय (जैसे भू-भाटक , जल प्रभार, संधारण प्रभार एवं अन्य प्रभार, यदि कोई हो) सफल बोलीकर्ता द्वारा सम्बंधित प्राधिकरण के प्रचलित नियमो / अनुमतियो के अनुसार वहन एवं भुगतान किए जाएंगे। | रू. 83,12,800.00<br>रू. 8,31,280.00<br>रू. 50,000/- |
| 2. | M/s दिव्या पाइप ट्रेडर्स प्रोप:- श्रीमति सुखवंती नागपुरे पति श्री दीपक नागपुरे<br>पता - क्र. 76, वार्ड क्र. 7 , ग्राम – कोह्काडिबर, पोस्ट – देओरी, जिला - बालाघाट , म0 प्र0 481001<br>पता :- ग्राम सारद , पोस्ट सारद , तहसील – किरनपुर , जिला – बालाघाट , म0 प्र0 481226<br>संबन्धित शाखा: बालाघाट<br>अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – शा. प्र. 8226003734 | 10/06/2025<br>19/08/2025<br>रु. 1,15,79,416.55 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | साम्य बंधन भूमि:<br>संपत्ति क्र. 1 : मौज़ा – सारद प. ह. न. 03 /15 रा. नि. म. रजेगाँव तहसील किरनापुर जिला बालाघाट स्थित खसरा न. 241/3 कुल रकवा 0.263 हेक्टर पूर्ण डाइवरटेड जिसमे निर्मित समस्त पक्का आर. सी. सी. एवम् अन्य निर्माण जिसकी चतु:सीमा निम्न प्रकार है:- उत्तर – पाढन, दक्षिण – भाउलाल रहंगडाले कि जमीन, पूर्व – सरकारी जमीन, पश्चिम – सेवक राम कि जमीन<br>संपत्ति क्र. 2 : मौज़ा – सारद प. ह. न. 03 /15 रा. नि. म. रजेगाँव, तहसील किरनापुर , जिला बालाघाट स्थित खसरा न. 241/4 कुल रकवा 0.162 हेक्टर पूर्ण डाइवरटेड जिसमे निर्मित समस्त पक्का आर. सी. सी. एवम् अन्य निर्माण जिसकी चतु:सीमा निम्न प्रकार है:- उत्तर – पाढन, दक्षिण – भाउलाल रहंगडाले कि जमीन, पूर्व – बुदन बाई कि जमीन, पश्चिम – गोपिचंद मनेश्वर कि जमीन<br>संपत्ति क्र. 3 : प्लांट और मशिनरी जो खसरा न. 241/4 और 241/3, प. ह. न. 03 /15 कुल रकवा 0.425 हेक्टर मौज़ा – सारद , रा. नि. म. रजेगाँव, तहसील किरनापुर , जिला बालाघाट पे स्थित है.<br>भू- स्वामी / बंधककर्ता: श्रीमति सुखवंती नागपुरे पति श्री दीपक नागपुरे (संपत्ति बंधककर्ता) भौतिक कब्जा (Physical Possession) | रू. 99,98,000/-<br>रू. 9,99,800/-<br>रू. 50,000/- |
| 3. | मेसर्ज. सक्षम इंडस्ट्रीज (उधारकर्ता)<br>प्रोप. श्रीमती विजयलक्ष्मी अग्रवाल पति श्री. सुशील कुमार अग्रवाल, पता – वार्डनंबर 16, महावीर चौक, बालाघाट, तहसील. जिला - बालाघाट (म.प्र.)<br>1.स्व. श्री तेजराम अग्रवाल पिता श्री. मनोहरलाल अग्रवाल (गारंटीदाता/ संपत्ति बंधककर्ता)<br>कानूनी वारिस के माध्यम से 2.श्री. घनश्याम अग्रवाल पिता स्व श्री. तेजराम अग्रवाल 3.श्री. हरीशंकर अग्रवाल पिता स्व श्री. तेजराम अग्रवाल 4.श्री. संजय कुमार अग्रवाल पिता स्व श्री. तेजराम अग्रवाल 5.श्रीमती. चंदाबाई अग्रवाल पिता स्व श्री. तेजराम अग्रवाल 6.श्रीमती. रीता अग्रवाल पिता स्व श्री. तेजराम अग्रवाल 7.श्रीमती. सरोज अग्रवाल पिता स्व श्री. तेजरामल अग्रवाल 8.श्री. सुशील कुमार अग्रवाल पिता स्व श्री. तेजराम अग्रवाल 9.और अन्य अज्ञात कानूनी वारिस, पता – वार्डनंबर 16, महावीर चौक, बालाघाट, तहसील. जिला - बालाघाट (म.प्र.)<br>संबन्धित शाखा: कनकी जिला – बालाघाट<br>अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – शा. प्र. 8226003738 | 29.10.2025<br>13.02.2026<br>रु. 52,95,845.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | साम्य बंधक भूमि / भवन: संपत्ति ऐसे सभी भाग, जिसमे - पटवारी हल्का नं. 13 /2 , क्षेत्रफल - 72 वर्गमीटर, नजुल शिट क्र. 24B , नजुल प्लाट न. 150, बालाघाट, तहसील. जिला - बालाघाट (म.प्र)<br>संपत्ति/ भवन स्वामी:- स्व. श्री तेजराम अग्रवाल पिता श्री. मनोहरलाल अग्रवाल<br>चतु:सीमा: उत्तर- रामबती बाई का दुसरा मकान , दक्षिण - मनोहरलाल का प्लाट , पूर्व- रोड , पश्चिम - नथमल चौरडिया का प्लाट<br>सांकेतिक कब्जा | रू. 56,58,000/-<br>रू. 5,65,800/-<br>रू. 50,000/- |
| 4. | मेसर्स पारधी साड़ी<br>प्रोप. श्री. धनेन्द्र पारधी पिता श्री. खुमानसिंह पारधी<br>पता- सिवनी रोड , रघुपती राईस मिल के पास, तह. कटंगी , जिला – बालाघाट (म.प्र.)<br>संबन्धित शाखा: कटंगी<br>अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – शा. प्र. 8226003739 | 07/06/2023<br>18/08/2023<br>रु. 1,07,52,176.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | साम्य बंधन भूमि एवं भवन: संपत्ति – स्थित ग्राम- खमरीया खसरा नंबर 459/16 प.ह.नं. 8, तहसील - कटंगी, जिला-बालाघाट मे म. प्र. स्थित है। कुल एरिया : 0.021 हेक्टर<br>भू- स्वामी / बंधककर्ता: 1. श्री. धनेन्द्र पारधी पिता श्री. खुमानसिंह पारधी<br>चतु:सीमा : उत्तर – महेंन्द्र तेजकुमार व टामलाल सहारे की भूमि , दक्षिण- कच्चा रस्ता, पूर्व- तारनबाई बेवा बालकराम की भूमि, पश्चिम – दिपक वलद बिहारीलाल की भूमि<br>मशिनरी – 4 सेट 11-400-800-1200 Computerized EMB M/C<br>सांकेतिक कब्जा | रू. 30,39,600/-<br>रू. 3,03,960/-<br>रू. 20,000/- |
| 5. | 1. मेसर्स एरीज फुड और फिड ग्रुप ,<br>प्रोप. श्रीमती. सुरजन चौहान पती श्री. चरनलाल चौहान, पता – ग्राम – लेंडेझरी, पो. चिलोद तह. लालबर्रा, जिला – बालाघाट (म.प्र.)<br>2. श्री. राजकुमार चौहान पिता श्री. चरनलाल चौहान, पता – ग्राम – लेंडेझरी, पो. चिलोद तह. लालबर्रा, जिला – बालाघाट (म.प्र.), 3. मेसर्स एरीज बायो और इनफ्रा वेनचर्स,<br>प्रोप. श्री. राजकुमार चौहान पिता श्री. चरनलाल चौहान, पता – ग्राम – लेंडेझरी, पो. चिलोद तह. लालबर्रा, जिला – बालाघाट (म.प्र.)<br>4. श्रीमती. पुष्पा चौहान पती श्री. कैलाश चौहान पता - वार्ड नं. 12, बुधी पुलिस लाइन के बाजु में, बालाघाट तह. जिला बालाघाट (म.प्र.)<br>संबन्धित शाखा: कनकी<br>अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – शा. प्र. 8226003738 | 30/05/2017<br>18/08/2017<br>रु. 27,90,042.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | साम्य बंधन भूमि एवं भवन: संपत्ति – ग्राम – लेंडेझरी, पो. चिलोद, खसरा नंबर 114/6/2, प.ह.नं. 15/79, तहसील- लालबर्रा, जिला-बालाघाट मे म. प्र. स्थित है। कुल एरिया : 0.077 हेक्टर<br>भू- स्वामी / बंधककर्ता: 1.श्री. राजकुमार चौहान पिता श्री. चरनलाल चौहान<br>चतु:सीमा : उत्तर – रोड, दक्षिण- चरनलाल की भूमी, पूर्व- बाबुलाल भगत की भूमी, पश्चिम – सुखलाल की भूमि<br>सांकेतिक कब्जा | रू. 27,39,000/-<br>रू. 2,73,900/-<br>रू. 20,000/- |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbank.bank.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB alliance के वेबपोर्टल http://baanknet.com पर उपलब्ध लिंक देखें। देखें। क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाडा प्राधिकृत अधिकारी (मो. 9109954645) से संपर्क कर सकते है। ये ऋणियों/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन एवं पंद्रह (15) दिनों की वैधानिक विक्रय स